प्रेस नोट

दिनांक 13.08.2024

श्रीमान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के नेतृत्व में एक भव्य "हर घर तिरंगा यात्रा" का आयोजन

आज दिनांक 13.08.2024 को जनपद हमीरपुर में श्रीमान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के नेतृत्व में एक भव्य "हर घर तिरंगा यात्रा" का आयोजन किया गया। इस यात्रा में जनपद के सभी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं व उनके गरुजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

तिरंगा यात्रा की शुरुआत पुलिस परेड ग्राउंड परिसर से हुई, जहां स्थानीय शैक्षणिक संस्थानों के कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर इस राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत आयोजन में हिस्सा लिया। कस्बा हमीरपुर की सड़कों पर यह यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड से होकर, बस स्टैंड, अमनशहीद, कोतवाली सदर, जिला अस्पताल तिराहा, अकिल तिराहा से होते हुए पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में सम्पन्न हुई। यात्रा में सम्मिलित लोगों ने तिरंगे को सम्मानपूर्वक हाथों में थामे रखा और 'वंदे मातरम', 'भारत माता की जय', 'जय हिंद' जैसे नारे लगाए, जिससे पूरे क्षेत्र में देशभक्ति की भावना की गूंज सुनाई दी।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना था। श्रीमान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम में तिरंगे के महत्व को रेखांकित किया और उपस्थित जनसमूह को संविधान और देश की संप्रभुता की रक्षा करने का संकल्प दिलाया।

यात्रा के दौरान यातायात सहित सुरक्षा और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया। पुलिस और प्रशासन की ओर से यात्रा के सुचारू संचालन के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे, जिससे यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।